# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (19 October)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-october-19

## 1. भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'ऑन टैप' भुगतान प्रणालियों को अधिकृत किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने नवाचार और प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देने के लिये 'ऑन टैप' भुगतान प्रणालियों को अधिकृत करने के दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इनके लिये अनिवार्य न्यूनतम राशि की भी घोषणा की गई है।

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत बिल भुगतान प्रचालन ईकाई- **BBPOU**, व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली- **TReDS** और व्हाइट लेबल एटीएम को ऑन टैप अधिकार देने का फैसला किया है।
- इस क्षेत्र में आने या BBPOU के लिये प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की इच्छुक कंपनियों को एक अरब रुपए की न्यूनतम राशि रखनी होगी और यह स्तर हर समय बनाए रखना होगा।
- TReDS के लिये न्यूनतम इक्विटी पूंजी 25 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।
- व्हाइट लेबल एटीएम क्षेत्र में आने वाली कंपनियों को भी न्यूनतम एक करोड़ रुपए की पूंजी रखनी होगी।
- लाइसेंस देने का निर्णय प्रस्ताव के गुण और इस क्षेत्र में अतिरिक्त इकाइयों के लिये कारोबार की संभावनाओं के बारे में केंद्रीय बैंक के आकलन के आधार पर दिया जाएगा।
- विदित हो कि इस वर्ष जनवरी में रिज़र्व बैंक ने नई खुदरा भुगतान प्रणालियों को अधिकृत करने के बारे में नीति पत्र जारी किया था।

### BBPOU और TREDS क्या है?

**भारत बिल भुगतान ऑपरेटिंग यूनिट (BBPOU) BBPCU भारत बिल भुगतान के माध्यम से लेन-देन से संबंधित समाशोधन और निपटान गतिविधियों को पूर्ण करता है ।**

**TReDS**, व्यापार प्राप्य बट्टाकरण/छूट प्रणाली (Trade Receivable Discounting System-TReDS) MSME को कॉर्पोरेट से मिलने वाले प्राप्यों के भुगतान के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India-RBI) द्वारा शुरू की गई एक पहल है। इसका गठन RBI द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम 2007 (Payment and Settlement Systems Act 2007) के तहत स्थापित नियामक ढाँचे के तहत किया गया है।

## 2. ब्रिटेन और ईयू के वार्ताकारों के बीच ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति

- ब्रसेल्स में ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और यूरोपीय नेताओं की बैठक से पहले वार्ताकारों के बीच ब्रेग्जिट समझौते पर सहमति बन गई है।
- ईयू आयोग के अध्यक्ष ज्यां क्लोद जुंके ने भी करार पर सहमति बनने की पुष्टि करते हुए कहा कि अब इसे यूरोपीय नेताओं के समक्ष चर्चा के लिये रखा जाएगा।
- ईयू सम्मेलन में शामिल होने के लिये ब्रसेल्स पहुँचे जॉनसन ने कहा, "हम एक बेहतरीन करार पर सहमति बनाने में सफल हुए हैं। यह ईयू और ब्रिटेन के लिये निष्पक्ष और संतुलित है एवं यह समस्या का हल निकालने के लिये हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने यूरोपीय परिषद से करार को समर्थन देने की अनुशंसा की।"
- ब्रिटेन और ईयू करार के कानूनी मसौदे पर काम कर रहे हैं, लेकिन इसे लागू करने के लिये ब्रिटेन और ईयू की संसदों से मंज़ूरी लेनी होगी।
- उत्तरी आयरलैंड की डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (DUP) ने यह कहकर आशंका पैदा कर दी है कि वह अब भी इस करार का समर्थन नहीं करेगी।
- उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन को 31 अक्तूबर तक ईयू से अलग होना है और जॉनसन इस समय-सीमा में किसी करार पर पहुँचना चाहते।
- ब्रिटेन की ओर से वार्ता टीम का नेतृत्व ईयू से अलग होने के मामले के राज्यमंत्री स्टीफन बर्कले और ईयू वार्ता टीम का नेतृत्व माइकल बरनियेर ने किया
- बहरहाल, अब भी यूरोपीय संघ, आयरलैंड और ब्रिटेन के बीच सीमा शुल्क एवं कर व्यवस्था को लेकर गतिरोध बना हुआ है।

---

## 3. डॉ. वाई.एस.आर. नवोदयम योजना

- आंध्र प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने राजधानी अमरावती में **डॉ. वाई.एस.आर. नवोदयम योजना** लॉन्च की।
- इस आउटरीच योजना के अंतर्गत छोटे और मध्यम उद्योगों (MSME) को बढ़ावा दिया जाएगा।
- इस योजना से लगभग 80,000 इकाइयों को लाभ मिलेगा तथा लाखों लोगों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे।
- इस योजना के तहत महाप्रबंधक की अध्यक्षता में प्रत्येक ज़िला उद्योग केंद्र में एक विशेष प्रकोष्ठ बनाया जा रहा है, जिससे खातों को स्थिर करने के लिये सभी पुनर्गठित MSME को छह महीने के लिये सहायता प्रदान की जा सके।

---

## 4. IFFI का स्वर्ण जयंती संस्करण (Curtain Raiser)

- भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) के 50वें संस्करण का आयोजन 20 से 28 नवंबर के बीच गोवा में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न देशों की 200 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी।
- IFFI के स्वर्ण जयंती संस्करण में प्रतिष्ठित **गोल्डन पीकॉक** पुरस्कार पाने के लिये 20 देशों का प्रतिनिधित्त्व करने वाली 15 फिल्मों के बीच कड़ा मुकाबला होगा। इन फिल्मों चयन 700 से अधिक फिल्मों के बीच से किया गया है।

इनमें पेमा सिदान की बलून (चीन), अली आईदिन की क्रोनोलाजी (तुर्की), एंड्रेस होर्वाथ की लिलियन (आस्ट्रिया), वेगनर मौरा की मैरीघेला (ब्राजील), हंस पीटर मोलंद की आउट स्टीलिंग हॉर्सेज़ (नार्वे, स्वीडन, डेनमार्क), बेल्ज हेरीसन की पार्टिकल (फ्राँस/स्विट्ज़ररलैंड), ग्रेगोर बोजिक की स्टोरीज़ फ्रॉम चेस्टनट वुड्स (स्लोवेनिया), योसेप अंजी नोइन की द साइंस आफ फिक्शन (इंडोनेशिया, मलेशिया और फ्राँस), इरडिनबिलेग गनबोल्ड की स्टीड (मंगोलिया) क्रिस्तोफ डेक की केप्टिव (हंगरी) और बेन रेखी की वाच लिस्ट (फिलीपींस) प्रतियोगिता में हैं। प्रतियोगिता खंड में महिला फिल्म निर्माता सोफी डेरेस्पे की एंटीगोन और महनाज मोहम्मदी की सन-मदर शामिल हैं।

50वें IFFI में भारत का प्रतिनिधित्त्व अनंत नारायण महादेवन के निर्देशन में बनी मराठी फिल्म **माई घाट: क्राइम नं 103/2005** और लिजो जॉस पेल्लीसेरी द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म जलीकट्टू करेंगी।

- इस **फिल्म महोत्सव** में सिनेमेटोग्राफर और एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्टस एंड साइंस के पूर्व अध्यक्ष जॉन बैले अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी की अध्यक्षता करेंगे।
- कान अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी 2019 के सदस्य और फ्राँस के फिल्म निर्माता रॉबिन काम्पिलो, चीन के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता जांग यांग और ब्रिटिश सिनेमा की लायने रॉमसे सह-ज्यूरी होंगे।
- प्रसिद्ध फिल्म निर्माता रमेश सिप्पी अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी में भारतीय सदस्य होंगे।